

# श्यामला हिल्स में झुग्गियों पर चला बुलडोजर

- भारी विवाद के बाद शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त
- चौराहे पर यातायात हुआ ठप्प, सैकड़ों वाहन फंसे

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 2 मई. राजधानी के वीआईपी क्षेत्र श्यामला हिल्स में शासकीय भूमि से झुग्गियों को हटाने की कार्रवाई की गई, जो सुबह से देर शाम तक चली. इस बीच झुग्गीवासियों और प्रशासन के बीच विवाद की स्थिति भी बनी. लेकिन रहवासी काफी समझाइश के बाद विस्थापन के लिए तैयार हो गए.**

यह झुग्गियां मानस भवन के पीछे लगभग 13 हजार वर्ग फीट शासकीय भूमि पर बनी हुई थीं. इन सभी को लगभग 50 साल से अधिक समय हो गया था. लेकिन इस क्षेत्र में सीएम हाउस होने के कारण सुरक्षा के मद्देनजर इनको हटाने का प्रयास काफी समय से किया जा रहा था.इन लोगों को मालाखेड़ी में पीएम आवासों में शिफ्ट किया गया है.

गौरतलब है कि प्रशासन की कार्रवाई को रोकने के लिए रहवासी हाईकोर्ट चले गई थे. उसके बाद वहां से स्टे मिल गया था. स्टे की समय सीमा 27 अप्रैल को पूरी हो गई थी. उसके बाद से ही प्रशासन ने झुग्गियों को खाली करने के सूचित किया था. साथ ही इनको पुनर्वास के उद्देश्य से मालाखेड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों में किया जाने की व्यवस्था की गई थी. इन्हीं सब परिस्थितियों के बाद शनिवार को सुबह से ही नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस बल झुग्गियों को हटाने के लिए पहुंच गया.

कार्रवाई से पहले पुलिस ने पॉलिटेक्निक चौराहै पर और आगे श्यामला हिल थाने के पास सीएम हाउस चौराहे पर बेरिकेट लगाकर भारी मात्रा में पुलिस की तैनाती की गई. साथ ही कार्रवाई वाले स्थान पर किसी भी व्यक्ति को आने पर पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया. यहां तक कि मीडिया को भी कवरेज नहीं करने दिया गया.



### पॉलीटेक्निक चौराहे पर जीतू पटवारी भी पहुंचे

कार्रवाई के दौरान कांग्रेस नेताओं ने तीखा विरोध जताया. प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा समेत कई नेताओं ने मौके पर धरना दिया. स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब एक युवक विरोध में पास के टावर पर चढ़ गया. पूरे क्षेत्र में ऐहतियात के तौर पर पुलिस तैनात रही और मार्ग भी परिवर्तित किया गया.

### पॉलिटेक्निक चौराहे पर शाम को लगा जाम

श्यामला हिल्स स्थित शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुबह से शुरू की गई. मानस भवन के सामने के मार्ग को पूरी तरह से बेरिकेड्स से पुलिस ने बंद कर दिया था. इस दौरान पॉलिटेक्निक चौराहे पर यातायात पूरी तरह से जाम हो गया. वाहनों की लंबी लंबी लाईने लग गई. यह जाम देर शाम तक बना रहा.

# एम्स में मरीज ने लगाई खिड़की से छलांग

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 2 मई. एम्स भोपाल में इलाज कराने आये एक मरीज ने शुक्रवार रात खिड़की से छलांग लगा दी. जानकारी के अनुसार मरीज रेबीज का इलाज कराने अस्पताल में भर्ती था. खिड़की से जमीन पर गिरने से उसके दोनों हाथ और पैर टूट गए.**

वहीं इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई. जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. शनिवार को

### इलाज के दौरान मौत

पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है. बागसेवनिया थाना पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय मरीज कमल सिंह, विदिशा जिले के इकोदिया गांव का रहने वाला था. जिसे 5 मार्च को एक आवारा कुत्ते ने काट लिया था. शुरुआत में कोई परेशानी न होने पर उसने इलाज नहीं कराया और न ही कोई एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाया. वहीं कुछ दिनों बाद उसकी हालत बिगड़ने पर स्थानीय अस्पताल में जांच के दौरान पता चला कि व्यक्ति को रेबीज हो गया. जिसके बाद वह धीरे-धीरे बीमारी के असर से अजीब हरकतें करने लगा. हालत गंभीर होने पर परिजनों ने 30 अप्रैल को उसे एम्स में भर्ती कराया. जहां मरीज को मेडिकल वार्ड के आइसोलेशन वार्ड में रखा गया था. रात में उसने पहली मंजिल की खिड़की से छलांग लगा दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

# एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**भोपाल, 02 मई.** विशेष अभियान के तहत पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 23.14 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ अंतरराज्यीय स्तर के दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर लिया. जप्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 2 लाख 50 हजार रुपए है.

मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर एमपी नगर थाना क्षेत्र में पुलिस के मेट्रो ब्रिज के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में ड्रग्स के साथ पकड़ा. वह वहां पर किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा था. आरोपी की पहचान माणिक लाल और मोहम्मद रिहान के रूप में हुई. रिहाल ड्रग खरीदने के लिए आने वाला था. इस कार्रवाई में पुलिस उपायुक्त अपराध अखिल पटेल एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अपराध शैलेन्द्र सिंह चौहान, सहायक पुलिस आयुक्त अनिल कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना क्राइम ब्रांच अशोक मरावी व उनकी टीम ने कार्रवाई की.



# टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से की जाए

- सीएमएचओ ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 2 मई. जिला क्षय रोग केंद्र में शनिवार को क्षय उन्मूलन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित हुई. बैठक की अध्यक्षता सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने की. बैठक में 100 दिवस निक्षय अभियान की प्रगति और लक्ष्य प्राप्ति पर विस्तार से चर्चा की गई.**

बैठक में क्षय उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान परीक्षण व्यवस्था संभावित टीबी मरीजों के स्पूटम कलेक्शन निक्षय पोर्टल पर प्रीसम्पटिव आईडी तैयार करने डॉट्स की उपलब्धता और उपचार सहायता जैसे विषयों पर विशेष रूप से जोर दिया गया. साथ ही मैदानी स्तर पर किए जा रहे कार्यों और पंजीकरण की स्थिति पर भी जानकारी ली गई. बैठक में सीएमएचओ ने कार्यक्रम के लक्ष्यों और उपलब्धियों का साप्ताहिक आधार पर विश्लेषण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थाओं में आने वाले सबसे ज्यादा खतरे वाले टीबी मरीजों के लिए अनिवार्य रूप से स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए. साथ ही प्रत्येक हितग्राही का निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण कर निक्षय आईडी बनाई जाए, जिससे उपचार और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके.



# नीट यूजी से पहले मेडिकल छात्रों की छुट्टियां रद्द होने पर विवाद

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 2 मई. नीट यूजी 2026 परीक्षा से पहले गांधी चिकित्सा महाविद्यालय मेडिकल छात्रों की छुट्टियां रद्द होने के आदेश पर जूनियर डॉक्टरों ने विरोध जताया.**

छात्रों का कहना है कि यह फैसला सभी छात्रों को संदेह की नजर से देखने जैसा है, जो न्यायसंगत नहीं है. बता दें आदेश के तहत 2 और 3 मई को छात्रों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं. वहीं सॉल्वर गैंग पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने इस बार सख्ती बढ़ाई है लेकिन अब यही कदम सवालों के घेरे में आ गया है. एक ओर प्रशासन परीक्षा की पारदर्शिता के लिए इसे जरूरी बता रहा है, वहीं दूसरी तरफ डॉक्टरों का मानना है कि इससे व्यवस्था में असंतुलन पैदा होगा. इस आदेश को लेकर जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. यशवीर गुर्जर ने कहा कि ऐसे आदेश से लगता है जैसे सभी मेडिकल छात्र सॉल्वर गैंग में शामिल हों. उन्होंने कहा कि जूडा परीक्षा की निष्पक्षता के लिए हर सख्त कदम का समर्थन करता है, लेकिन दिये जा रहे आदेश और नातियां तार्किक होनी चाहिए.

उन्होंने परीक्षा में अव्यवस्था को रोकने बायोमेट्रिक स्कैनिंग, डिजिटल ट्रैकिंग और मजबूत निगरानी सिस्टम जैसे तकनीकी का सुझाव दिया. वहीं डीन कार्यालय ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी कर 2 और 3 मई को मेडिकल छात्रों को अवकाश न देने का आदेस दिया है. प्रशासन का तर्क है कि छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने से उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी.

# तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष बने विनोद गोटिया

**भोपाल, 2 मई. मध्यप्रदेश में निगम मण्डलों और प्राधिकरणों में नियुक्तियों का क्रम जारी है और शनिवार एक बार फिर अनेक नियुक्तियां की गईं.**

तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में विनोद गोटिया को नियुक्त किया गया है. इसके अलावा पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सौभाग्य सिंह, सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन, युवा आयोग के अध्यक्ष बनप्रवीण शर्मा, योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा, राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के



अध्यक्ष रमेश शर्मा, गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष ओम जैन, कुश समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा, कोशल शर्मा महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष पंकज जोशी और उपाध्यक्ष राकेश जादौन, प्रशांत केसरवानी जबलपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बनाए गए हैं.

# चोरी के पांच गैस सिलेंडर जप्त

**भोपाल.** रातीबड़ पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी करने वाली गैंग का का पर्दाफाश कर आरोपियों से पांच गैस सिलेंडर जप्त किए हैं.घटनास्थल के आसपास की गलियों एवं मुख्य चौराहों पर लगे लगभग 125 कैमरों की मदद से पुलिस ने चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है. कल फरियादी ने थाना उपस्थित आकर चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई. तकनीकी संसाधनों के उपयोग एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर एक आरोपी की पहचान सतीश राजपूत के रूप में हुई.उसने अपने अन्य एक साथी राहुल शर्मा के साथ सूने घर में चोरी की घटना स्वीकार किया. आरोपियों को जेल भेज दिया गहै.

# कॉमर्शियल गैस महंगी होने पर विरोध

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 2 मई. बढ़ती महंगाई के बीच शुक्रवार को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई 993 रुपये की भारी वृद्धि के खिलाफ शनिवार को बरखेड़ी फाटक चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया गया. बता दें एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस बढ़ोतरी को आम जनता और छोटे कारोबारियों पर सीधा बोझ बताया.**

वहीं प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला सचिव मुदित भटनागर ने कहा कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद केंद्र सरकार ने कॉमर्शियल गैस की कीमतों में अचानक वृद्धि कर दी है. उन्होंने कहा कि 2078 रुपये का सिलेंडर अब बढ़कर 3071 रुपये तक पहुंच गया है, जिससे होटल ढाबा और फूड कारोबार पर सीधा असर पड़ेगा. उन्होंने कहा कि इस बढ़ोतरी का असर आम लोगों की जेब पर भी पड़ेगा, क्योंकि बाहर खाना और फूड डिलीवरी महंगी हो जाएगी. जिसको लेकर उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का हवाला देकर कीमतें बढ़ाई जा रही हैं, जिससे आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है. साथ हीन प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मांग की कि सरकार तुरंत इस मूल्य वृद्धि को वापस ले और आम लोगों को राहत दे.




# आदमपुर कचरा खंती में लगी आग

**भोपाल, 2 मई. राजधानी के आदमपुर स्थित कचरा खंती में शनिवार को आग लग गई. इस घटना वहां पर कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई.आग से कई टन कचरा और मशीनें जलने की जानकारी मिली है. इससे कोई जनहानि नहीं हुई.**



निगम की दमकलों ने काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया. कचरा वाहनों में आई कोई मामूली सी चिंगारी ने यह आग पकड़ ली. अधिकतर कचरा वाहन के चालक खंती के मुख्य द्वार पर ही कचरा डाल जाते हैं, जिससे वहां पर कचरे का ढेर लगा हुआ है. जब इस कचरे से आग भड़की, जिसे मौजूद कर्मचारियों ने कचरा हटा कर बुझाने की कोशिश की.






**शिकायत** ▶ पूर्व में शत्रु संपत्ति कमेटी की हुई बैठक में नवाब परिवार से नहीं मांगे आवश्यक दस्तावेज

# कमेटी नवाब परिवार को बचाने का कर रही है प्रयास

- दो बार कलेक्टर को दे चुके हैं शिकायती ज्ञापन
- अभी तक नहीं हुई कोई कार्रवाई

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 2 मई. भोपाल नवाब की संपत्तियों की जांच और स्वामित्व, मर्जर, जैसे मामलों को लेकर प्रशासन ने शत्रु सम्पत्ति समिति का गठन किया था. जिसकी बैठक अप्रैल में की गई थी.**

उस बैठक में नवाब परिवार से संपत्तियों के अधीकार



संबंधित किसी भी प्रकार के दस्तावेज नहीं मांगे गये. इसको लेकर समाजसेवी अमिताभ अग्निहोत्री ने नवाब परिवार की संपत्ति का बचाव करने का आरोप लगाया है. समाजसेवी अमिताभ अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि शत्रु संपत्ति समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों से मुझे ज्ञात हुआ कि शत्रु संपत्ति समिति ने नवाब परिवार से उन महत्वपूर्ण दस्तावेजों की मांग नहीं की, जो शत्रु सम्पत्ति की जांच के लिए आवश्यक थे. भोपाल नवाब परिवार से इन दस्तावेजों की मांग के लिए शत्रु संपत्ति समिति को 18 फरवरी एवं 23 मार्च 2026 को ज्ञापन भी दिये थे, परन्तु शत्रु संपत्ति समिति ने हमारे इन ज्ञापनों पर कोई कार्यवाही नहीं की. उसके पश्चात 20.अप्रैल 2026 को कलेक्टर को शिकायती पत्र सौंपा गया एवं इस विषय पर विस्तार में चर्चा की.

### शत्रु संपत्ति जांच कमेटी की बैठक में लिए थे निर्णय

भोपाल जिला की शत्रु संपत्तियों की जांच 4 फरवरी 2026 को कलेक्टर कार्यालय में हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि प्राप्त शिकायतों के निराकरण करने अभिरक्षक गृह मंत्रालय, भारत सरकार को शत्रु संपत्ति की जानकारी के लिये पत्र लिखा जाए. वहीं जिले के सभी तहसीलदारों को भी पत्र लिखते हुए वर्तमान एवं बंदोबस्त रिकार्ड में दर्ज शत्रु संपत्ति है, एवं वर्ष 1949 में नवाब एवं उनके परिवारों के नाम थी, उसकी जानकारी लेने के लिए निर्णय लिया गया. समिति ने अपर प्रमुख सचिव से शत्रु संपत्ति/मर्जर संपत्ति/निष्क्रांत संपत्ति पर जानकारी भेजने के लिए कहा है.